आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 12.04.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- केंद्र द्वारा उभरते व्यापारिक मुद्दों से निपटने में हितधारकों की सहायता के लिए 'ग्लोबल टैरिफ एंड ट्रेड हेल्पडेस्क' की शुरूआत।
- उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने अंडमान निकोबार द्वीप समूह में गोल्फ पर्यटन एवं आतिथ्य के संबंध में समीक्षा बैठक की।
- श्री विजयपुरम स्थित विज्ञान केन्द्र में स्कूल और कॉलेज के छात्रों के लिए इनोवेशन हब की स्थापना।
- फिट इंडिया अभियान को बढ़ावा देने के लिए अंडमान निकोबार कमान की ओर से हाफ मैराथन का आयोजन।

<><><><><><><>

केंद्र ने उभरते व्यापारिक मुद्दों से निपटने में हितधारकों की सहायता के लिए एक समर्पित 'ग्लोबल टैरिफ एंड ट्रेड हेल्पडेस्क' शुरू किया है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा है कि हेल्पडेस्क आयात और निर्यात की चुनौतियों, आयात में उछाल या डंपिंग, लॉजिस्टिक्स या आपूर्ति श्रृंखला से संबंधित चुनौतियों, वित्तीय या बैंकिंग मुद्दों और विनियामक या अनुपालन से संबंधित मुद्दों पर विचार करेगा। हेल्पडेस्क केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के अन्य मंत्रालयों, विभागों और एजेंसियों से संबंधित व्यापार संबंधी मुद्दों को भी एकत्रित और संयोजित करेगा। मंत्रालय ने कहा कि आयात–निर्यात समुदाय डी जी एफ टी वेबसाइट पर जानकारी प्रस्तुत कर सकता है। वे dgftedi@nic-in पर ईमेल भेज सकते हैं, साथ ही टोल–फ्री नंबर 1800–111–550 पर भी कॉल कर सकते हैं।

<><><><><><><>

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने कल थीम संगीत प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा की, जो विश्व ऑडियो एवं वीडियो मनोरंजन शिखर सम्मेलन वेव्स 2025 – क्रिएट इन इंडिया चैलेंज सीरीज की बत्तीस प्रतियोगिताओं में से एक है। देशभर से प्राप्त सैकड़ों प्रविष्टियों में से छह विजेताओं का चयन किया गया।

प्रतिभागियों का चयन एक प्रतिष्ठित निर्णायक मंडल द्वारा उनकी मौलिकता, संगीतात्मकता और संगीत एवंनृत्य के लिए वेव्स थीम – "शास्त्रीय प्रदर्शनों से लेकर समकालीन बीट्स तक भारत की जीवंत लय" के साथ उनके तालमेल के कठोर मूल्यांकन के बाद किया गया। मंत्रालय ने कहा कि प्रतियोगिता भारत की विविध संगीत प्रतिभाओं को सामने लाने के लिए आयोजित की गई थी।

<><><><><><><>

द्वीपों के उपराज्यपाल और द्वीप विकास एजेंसी के उपाध्यक्ष एडमिरल डी के जोशी ने मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार के साथ अंडमान निकोबार द्वीप समूह में गोल्फ पर्यटन एवं आतिथ्य के संबंध में समीक्षा बैठक की। बैठक में रंगाचांग में होटल परिसरों और रंगाचांग विस्तार स्थलों के विकास के बारे में नियुक्त सलाहकारों द्वारा एक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इस दौरान अंडमान निकोबार प्रशासन, वन विभाग और अनिडकों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के रोटरी क्लब और महावीर सेवा सदन के सहयोग से द्वीपसमूह के समग्र क्षेत्रीय केंद्र की ओर से पांच दिवसीय निःशुल्क प्रोस्थेटिक एवं ऑर्थोटिक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सभी के लिए समावेशिता और गतिशीलता के सी आर सी के दृष्टिकोण को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। शिविर के दौरान कोलकाता से तकनीकी विशेषज्ञों की टीम अपनी सहायता प्रदान कर रहे हैं, जो उच्च गुणवत्ता वाली देखभाल और कृत्रिम अंगों और कैलीपर्स की व्यक्तिगत फिटिंग सुनिश्चित करती है। कोलकाता के महावीर सेवा सदन, के प्रमुख प्रोस्थेटिक एवं ऑर्थोटिक गौतम रॉय के नेतृत्व में टीम ने क्षेत्र के लगभग पचास लाभार्थियों को मदद प्रदान की। कृत्रिम अंग चौदह अप्रैल को समापन समारोह के दौरान वितरित किए जाएंगे। इन सेवाओं की आवश्यकता वाले सभी पात्र व्यक्तियों से कल तक पंजीकरण करने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के विज्ञान केन्द्र द्वारा स्कूल और कॉलेज के छात्रों के लिए एक इनोवेशन हब की स्थापना की गई है। इसका उददेश्य शनिवार और रविवार को स्कूल के बाद छात्रों को नए डिजाइन विकसित करने और नई वस्तुओं, अभिनव परियोजनाओं, उत्पादों और शिल्पों को बनाने में मदद करना है। यह हब नए प्रयोग, स्वतंत्र सोच, समस्या समाधान क्षमता को बढ़ावा देंगे और नए विचार उत्पन्न करने में सहायक होगा।

इनोवेशन हब की स्थापना के बाद से अब तक लगभग दो हजार छात्र इसका दौरा कर चुके हैं। कक्षा छठी से बारहवीं तक के छात्र दो हजार रूपए प्रति वर्ष, कॉलेज के विज्ञान और इंजीनियरिंग स्ट्रीम के छात्र चार हजार रूपए प्रति वर्ष देकर इसमें व्यक्तिगत सदस्यता प्राप्त कर सकते हैं। इनोवेशन हब सुबह साढ़े दस बजे से दोपहर एक बजे तक और दोपहर ढाई बजे से शाम पांच बजे तक खुला रहेगा। इसके अलावा सस्थागत सदस्यता प्राप्त करने के लिए स्कूली छात्रों को छह हजार रूपए प्रति वर्ष और कॉलेज के छात्रों को आठ हजार रूपए प्रति वर्ष जमा करने होंगे। इच्छुक छात्र बीस अप्रैल तक सुबह साढ़े दस बजे से शाम पांच बजे के बीच विज्ञान केन्द्र में पंजीकरण करा सकते हैं।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाओं अभियान चलाया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य अनधिकृत संरचनाओं को हटाना और सरकारी भूमि और सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त करना है। हाल ही में श्री विजयपुरम तहसील के राजस्व अधिकारियों ने दुध लाइन गांव में घेराबंदी और एक अस्थायी अनधिकृत संरचना को हटाया और कुल एक हजार वर्ग मीटर सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया। जिला प्रशासन ने जनता से अवैध अतिक्रमण से दूर रहने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में फिटनेस और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अंडमान निकोबार कमान और प्रशासन के सहयोग से हाफ मैराथन का आयोजन किया जाएगा। कल नेताजी स्टेडियम में आयोजित होने वाला यह फिट इंडिया अभियान, द्वीपों में खेल पर्यटन को बढ़ावा देगा। मैराथन में पांच किलोमीटर, दस किलोमीटर और इक्कीस किलोमीटर की तीन श्रेणियां शामिल हैं। इसमें भाग लेने वाले प्रतिभागियों को सुबह साढ़े चार बजे नेताजी स्टेडियम में उपस्थित होने को कहा गया है।

<><><><><><><>

खेल विभाग फुटबॉल टूर्नामेंट–2025 की शुरुआत पन्द्रह अप्रैल से होगी। सभी टीम मैनेजरों को मैचों के निर्धारित समय के अनुसार मौजूद रहने के लिए सूचित किया गया है। टूर्नामेंट का उद्घाटन समारोह पन्द्रह अप्रैल को शाम पांच बजे किया जाएगा। उद्घाटन समारोह के दौरान सभी पंजीकृत टीमों को उचित टीम जर्सी के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है।

<><><><><><><>

विम्बर्लीगंज में क्षतिग्रस्त खंभों को बदलने और नया बस्ती में इंटर कनेक्शन लाईनों को जोड़ने के चलते आज बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। प्रभावित क्षेत्रों में होपटाउन से शोलबे, विम्बर्लीगंज से जिरकाटांग और फरारगंज से रामपुर शामिल हैं। कटौती आज सुबह आठ बजे से दिन में दो बजे तक की जाएगी।

<><><><><><><>

कर्मचारी चयन आयोग स्टैनों ग्राफर ग्रेड–सी और डी की कौशल परीक्षा सत्रह मार्च को आयोजित करने जा रहा है। परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों के लिए ई–प्रवेश पत्र, परीक्षा तिथि से तीन–चार दिन पहले आयोग की वेबसाइट  पर उपलब्ध करा दिए जाएंगे।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

उपराज्यपाल एवं द्वीप विकास एजेन्सी के उपाध्यक्ष एडमिरल डी के जोशी ने अण्डमान निकोबार प्रशासन के मुख्य सचिव के साथ द्वीपसमूह में रंगाचांग में गोल्फ पर्यटन और आतिथ्य के संबंध में समीक्षा बैठक की खबर को द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार ने अपनी पहली हेडलाइन बनाया है। साथ ही एकीकृत कमान करेगी अण्डमान निकोबार कमान हाफ मैराथॉन की मेज़बानी के समाचार को अखबारों ने सचित्र प्रकाशित किया है। द्वीपसमूह में पहला फीडे रैपिड रेटिंग शतरंज टुर्नामेंट के आयोजन के समाचार को–इंफो इंडिया ने प्रमुखता दी है। दस दिवसीय अण्डमान पुस्तक मेला के समापन के समाचार को आज के अधिकांश समाचार पत्रों ने अपने पहले पन्ने में प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>